मिश्री से मीठो नाम | By Devi Neha Saraswat

राधा रानी को हमारी श्याम प्यारी को
मिश्री से मीठो नाम हमारी राधा रानी को

बाबा हैं वृषभान कुंवर जी मैया कीर्ति
ब्रज में बरसानो धाम हमारी राधा रानी को

त्रिलोक चौदह भवनों की स्वामिनी श्यामा जू
चरणन को चाकर श्याम हमारी राधा रानी को

राधा राधा जपने से भव बाधा कट जाती
दु:ख दूर करन को काम हमारी राधा रानी को

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%80%e0%a4%a0%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-devi-neha-saraswat/